# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com & dfo-hazaribaghwest@gov.in


पत्रांक 3516 / दिनांक 01/10/2022 /

सेवा में,

अधिक्षण अभियंता (वि0)
टी0एस0सी–IV,
दामोदर घाटी निगम,
हजारीबाग।

*विषयः–* डी0भी0सी0 हजारीबाग (सिंदूर) सब– स्टेशन से पूर्व– मध्य रेलवे (ECR) धनबाद के टी0एस0एस0 अन्तर्गत प्रस्ताव संख्या FP/JH/TRANS/120412/2021 तक 132 के0वी0 डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 10.106 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 684 दिनांक 25.08.2022 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 906 दिनांक 10.03.2022 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयगत 132 के0वी0 डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन में अपयोजित होने वन भूमि का ऑनलाईर्न एवं ऑफलाईन प्रस्ताव समर्पित किया गया है, जिससे संबंधित त्रुटियों की आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए निराकरण हेतु इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आपको अनुरोध किया गया था परन्तु इस अनुरोध के बावजूद निम्नलिखित त्रुटियों का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है जिसके कारण प्रस्ताव को अग्रसारित नहीं किया जा सका है–

मौजा मंडईखुर्द, थाना – हजारीबाग, थाना संख्या – 163 प्रस्तावित मानचित्र में दर्शाये गए प्लॉट संख्या 3202 भूमि विवरणी में दर्ज नहीं किया गया है, जिसकी लम्बाई नक्शा के अनुसार 65 मीटर है। साथ ही संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा भी इस प्लॉट की भूमि विवरणी सत्यापित नहीं की गई है।

अतः प्रस्ताव के सभी आठ प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस किया जाता है। अनुरोध है कि उपरोक्त इंगित त्रुटियों का निराकरण का प्रस्ताव का विषयक सूची पृष्ठांकित बनाते हुए इस कार्यालय में समर्पित करने की कृपा की जाय, ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

01/10/22

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल